
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, सोमवार, 6 अप्रैल 2026

## सुविचार



जीवन को टुकड़ों में नहीं बांटा जा सकता, उसका 'पूर्णता' में ही विचार किया जाना चाहिए।

- अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व प्रधानमंत्री

लखनऊ के प्रमुख समाचार

- ऑनलाइन गेमिंग ने ले ली आढ़ती की जान II
- गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर निकाला नगर कीर्तन III
- मुख्यमंत्री ने किया कलाविदों और पूर्व छात्रों को सम्मानित IV

## शहर में आज



- इको गार्डन में सेवा सुरक्षा बहाली को लेकर शिक्षकों कई जिलों के शिक्षकों का प्रदर्शन- 10 :00 बजे से।
- नेशनल पीजी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारतीय ज्ञान प्रणाली और विकसित भारत पर होगा मंथन- 10 :00 बजे से।
- इंदिरा नगर में विकास भवन स्थित जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यों की बैठक- 11 :00 बजे।
- ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बीटेक छात्रों के लिए साइबर सिक्योरिटी का भविष्य विषय पर कार्यशाला- 2 :00 बजे से।
- फिक्की फ्लो के कार्यक्रम में पांडिचेरी की पूर्व लेफ्टिनेंट गवर्नर डॉ. किरण बेदी का व्याख्यान- 3 :00 बजे से।
- बीएम शाह प्रेक्षागृह में भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में नाटक डैडी का मंचन- 3 :30 बजे से।
- राजा बाजार स्थित गीता भवन में लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति सुहासिनी के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म व नंदोत्सव का आयोजन- 3 :00 बजे से।
- राष्ट्र प्रेरणा स्थल में भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर पार्टी के समर्पित 300 वयोवृद्ध पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह- 5 :00 बजे से।

☞ 'पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### आठवें तल पर नहीं रुकती सृष्टि अपार्टमेंट की लिफ्ट

**अमृत विचार, लखनऊ:** कुर्सी रोड स्थित सृष्टि अपार्टमेंट की लिफ्टों से आवंटियों को पूरी तरह से राहत नहीं मिली है। जी-ब्लॉक 15 मंजिला टॉवर है। परिसर में बड़ी-छोटी दोनों लिफ्ट कई दिन से खराब पड़ी थी। इनमें 12 दिन बाद बड़ी लिफ्ट की बेल्ट व अन्य उपकरण बदलकर चालू कर दी गई। इससे आवंटियों को कुछ राहत मिली, लेकन छोटी लिफ्ट अभी भी खराब है। नीचे-ऊपर जाने पर आठवें फ्लोर पर नहीं रुकती है। सीधे सातवें या फिर नौवें फ्लोर पर रुकती है। आवंटी विवेक शर्मा ने बताया कि छोटी लिफ्ट मरम्मत कार्य नहीं हुआ है। इस कारण लोगों को परेशानी हो रही है।

### पेंशनर्स की समस्याओं को लेकर योगी से मिलेंगे

**अमृत विचार, लखनऊ:** यूपी के पेंशनरों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिलने का निर्णय लिया है। यह फैसला लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित सभागार में उप्र पेंशनर्स कल्याण संस्था की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष आनंद प्रकाश श्रीवास्तव ने की। प्रांतीय महामंत्री ओंकार नाथ तिवारी ने बताया कि बैठक में आठवें केंद्रीय वेतन आयोग में पेंशन पुनरीक्षण को शामिल करने की मांग उठी। साथ ही पेंशन राशिकरण कटौती अवधि को 15 से घटाकर 11 वर्ष करने, 65, 70 और 75 वर्ष की आयु पर क्रमश: 5-5 प्रतिशत अतिरिक्त पेंशन देने पर चर्चा हुई। इसके अलावा कोरोना काल के 18 माह के महंगाई भत्ते व राहत के एरियर भुगतान और रेल व हवाई यात्रा में छूट बहाल करने की मांग भी प्रमुख रही।

### ऐशबाग स्क्वायर के पंजीकरण 15 तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऐशबाग स्क्वायर अपार्टमेंट में फ्लैट खरीदने के लिए पंजीयन 15 अप्रैल तक ही किए जाएंगे। इस रेजिडेंशियल अपार्टमेंट में लखनऊ विकास प्राधिकरण लगभग 1900 वर्गफीट में 384 प्रीमियम फ्लैट बनाएगा। अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि 17,910 वर्गमीटर में बनने वाले ऐशबाग स्क्वायर में कुल चार टावर होंगे, प्रत्येक टावर 27 मंजिल का बनेगा। अपार्टमेंट में 3 बीएचके एवं स्टडी श्रेणी के कुल 384 फ्लैट निर्मित किए जाएंगे। कीमत 1.11 करोड़ रुपये से शुरू होगी। पंजीकरण एलडीए की वेबसाइट पर करने हैं। पंजीयन के दौरान फ्लैट के अनुमानित मूल्य की पांच प्रतिशत धनराशि बतौर पंजीकरण शुल्क जमा करनी है। आरक्षित वर्ग के लिए 2.5 प्रतिशत है। फ्लैटों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया के तहत लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

# केजीएमयू में आयुष्मान लाभार्थी को लिखी बाहर की दवाएं

## स्टाफ ने कहा- संस्थान में नहीं मिलता आयुष्मान योजना का लाभ, बताए स्टोर से दवाएं न लाने पर ऑपरेशन नहीं करने की धमकी भी दी


कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** तीन दिन पहले ही किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की कार्यपरिषद ने बाहर की दवा लिखने पर एक डॉक्टर को चार्जशीट देने के आदेश दिए थे, इसके बावजूद डॉक्टर बाहर की दवाएं लिखने से बाज नहीं आ रहे हैं। नेत्र रोग विभाग में ऑपरेशन कराने आए आयुष्मान के लाभार्थी को भी लेंस, दवाएं सहित अन्य सामान बाहर से लिख दिया गया। स्टाफ ने निजी मेडिकल स्टोर के नाम की पर्ची के साथ लेंस और दवाओं की लिस्ट तीमारदार को थमाई। बताए गए मेडिकल स्टोर से सामान न लाने पर ऑपरेशन नहीं करने तक की धमकी दी गई। इसके पहले जांच रिपोर्ट भी गलत दी गई। परेशान तीमारदार ने आयुष्मान योजना से जुड़े एक निजी अस्पताल में संपर्क किया है।


काकोरी इलाके के जेहटा निवासी गणेश चंद्र कश्यप ने बताया कि पत्नी गीता कश्यप (57) की दाहिने आंख में मोतियाबिंद की शिकायत है। 17 मार्च को बलरामपुर अस्पताल में चिकित्सक को दिखाया था। चिकित्सक ने केजीएमयू से आंख का अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी। 20 मार्च को केजीएमयू के नेत्र रोग विभाग की ओपीडी में दिखाने पर चिकित्सक ने जांच कराई। आरोप है कि समस्या दाहिने आंख में थी,लेकिन रिपोर्ट में बाईं आंख में खून के धब्बे दिखा दिए गए। बलरामपुर अस्पताल के चिकित्सक रिपोर्ट देखकर असमंजस में पड़ गए, क्योंकि देखने मे बाईं आंख में ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा था। मरीज को भी बाईं आंख में कोई परेशानी नहीं महसूस हो रही थी। गणेश ने बताया कि बलरामपुर के चिकित्सक ने केजीएमयू में ही ऑपरेशन कराने की सलाह दी। 3 अप्रैल को केजीएमयू में दोबारा दिखाने पर डॉक्टर ने कहा रिपोर्ट भले ही गलत है, लेकिन ऑपरेशन सही आंख का होगा। चिकित्सक ने स्टाफ को ऑपरेशन की फाइल तैयार करने के निर्देश दिए। गणेश के अनुसार उसने मरीज को आयुष्मान का लाभार्थी बताया था। इस पर एक स्टाफ ने कहा यहां आयुष्मान का लाभ नहीं मिलता है। ऑपरेशन के लिए लेंस और सामान बाहर से ही लाना पड़ेगा और चिन्हित मेडिकल स्टोर के नाम के साथ सामान की पर्ची थमा दी।


इस संबंध में केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने कहा कि संस्थान के एचआरएफ से सभी दवाएं छूट पर मिल जाती है। आयुष्मान के मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन होता है। इस मामले की जांच की जाएगी। जो भी दोषी होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई होगी।

- **नेत्र रोग से पीड़ित मरीज की जांच रिपोर्ट भी गलत दी गई**



पर्ची पर लिखा मेडिकल स्टोर का नाम।





अल्ट्रासाउंड में बाईं आंख में दिखाए गए खून के धब्बे और स्टाफ की ओर से लिखा गया दवाओं का पर्चा।

### करीब 15 हजार का सामान मंगाया

- पीड़ित के मुताबिक वह बताए गए मेडिकल स्टोर पर गया, जहां संचालक ने लेंस के 6200 रुपये सहित करीब 15 हजार का पूरा सामान होना बताया। साथ ही यह भी कहा कि सामान का भुगतान नगद ही लिया जाएगा। पीड़ित के पास इतने रुपये न होने के कारण वह घर लौट आया।

### रात 11 बजे मंगवाई फाइल

- पीड़ित का आरोप है कि वह इलाज की फाइल लेकर घर आ गया था। रात करीब 11 बजे उसे बार-बार कॉल करके तत्काल फाइल वापस नेत्र विभाग में जमा करने का दबाव बनाया गया। परेशान होकर वह रात में ही आकर फाइल जमा करके गया।

## योजना से प्रभावित गांवों का भी होगा विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** एलडीए ने नैमिष नगर योजना का काम शुरू कर दिया है। आवासीय योजना विकसित करने के साथ प्रभावित गांवों का विकास भी कराया जाएगा। साइट आफिस के साथ जमीन की नापजोख तेज हो कर दी है। बीकेटी स्थित एलडीए की नैमिष नगर योजना लखनऊ के उत्तरी हिस्से का विकास मॉडल बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

योजना में शामिल ग्राम भौली, लक्ष्मीपुर, पूरब गांव, पुरवा, सैरपुर, फरूखाबाद, कोड़री भौली, कमलाबाद, कमलापुर, पलहरी, गोपरामऊ, बारूमऊ, धतिंगरा, सैदापुर, पश्चिम गांव, धोबैला, उमरभारी व दुग्गौर की जमीन किसान एलडीए के पक्ष में करके बैनामा कर रहे है।

सितंबर तक सेक्टर विकसित करके लांचिंग की तैयारी है। योजना के साथ इस गांवों की सड़क, नाली, खेल मैदान, बारात घर, स्वास्थ्य केन्द्र, तालाब, स्कूल, पार्क व श्मशान आदि की सुविधा ग्रामीणों को दी जाएगी।

# मनमानी फीस बढ़ाई, कॉपी-किताबों में लूट

## निजी स्कूल अभिभावकों पर डाल रहे तय दुकानों से किताबें खरीदने का दबाव, पीजीआई थाने तक पहुंचा विवाद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नए शिक्षा सत्र में निजी स्कूलों ने प्रवेश व अन्य शुल्क में तीन से 27 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी तो कर ही दी है, किताबों के साथ स्टेशनरी व कॉपियां खरीदने के नाम पर लूटा जा रहा है। स्कूलों की तय दुकानों पर मनमाने दामों पर किताबें, स्टेशनरी और कॉपियां दी जा रही हैं। कॉपियां व स्टेशनरी न देने पर किताबें देने से मना कर दिया जाता है। नीलमथा निवासी प्रिंस लेनिन ने से इसी बात पर पुस्तक विक्रेता से विवाद हो गया तो मामला पीजीआई थाने तक पहुंच गया।

नीलमथा निवासी प्रिंस लेनिन ने बताया कि उनके दो बच्चे वृंदावन सेक्टर 9 स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल में कक्षा 7 व 3 में पढ़ते हैं। इस स्कूल की पुस्तकें जिस बुकस्टॉल पर मिल रही हैं, वहां किताबों के साथ जबरिया कॉपी और स्टेशनरी दी जा रही है। इसी बात पर विवाद हो गया था।उन्होंने आरोप लगाया कि निजी स्कूलों में साल-दर-साल शिक्षण शुल्क में बढोत्तरी तो कर ही रहे हैं, एक्सट्रा कॅरिकूलर एक्टिविटीज के नाम पर भी पैसे वसूले जाते हैं।

अभिभावकों के अनुसार बड़े स्कूलों की वेबसाइट पर प्री-प्राइमरी से लेकर सीनियर सेक्शन तक में प्रवेश शुल्क से लेकर वार्षिक कंपोजिट शुल्क में तीन से 27 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दिख रही है। लखनऊ पब्लिक स्कूल, गोमती नगर फीस वृद्धि के मामले में सबसे आगे हैं। इनमें प्री-प्राइमरी में 18 प्रतिशत, प्राइमरी में 22 प्रतिशत, जूनियर सेक्शन में 25 प्रतिशत और सीनियर सेक्शन में 27 प्रतिशत तक शुल्क बढ़ा दिया गया है। दूसरे स्थान पर सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल, तीसरे पर डीपीएस और चौथे स्थान पर जीडी गोयनका स्कूल एवं सिटी मोन्टेसरी स्कूल हैं। इनमें अपेक्षाकृत सबसे कम फीस वृद्धि की गई है।

### ये है नियम

- फीस निर्धारण अधिनियम-2018 के अनुसार विद्यालय अपनी फीस में पिछले वर्ष की महंगाई दर के साथ 5 प्रतिशत तक वृद्धि कर सकते हैं। चूंकि सांख्यिकी व कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय (मिनिस्ट्री ऑफ स्टेटिस्टिक्स एण्ड प्रोग्राम इम्प्लीमेन्टेशन) के अनुसार पिछले 12 महीनों का औसत महंगाई दर के हिसाब से ही फीस वृद्धि होनी चाहिए। यदि कोई भी स्कूल किताबों के लिए किसी एक दुकान से ही लेने के लिए बाध्य करता है, तो अभिभावक उनकी लिखित शिकायत संबंधित जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक से कर सकते हैं।



अमीनाबाद में एक दुकान पर कॉपी और किताबें खरीदती महिला। अमृत विचार

### स्कूल और कोचिंग बन गए लूट का अड्डा



- अभिभावक संघ के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों और कोचिंग की मनमानी लूट, पुस्तक विक्रेताओं की मनमानी लूट का मुख्य कारण सरकार की उदासीनता है। किताबों का और यूनिफॉर्म का हर वर्ष बदल जाना इसका जीता जागता उदाहरण है। मात्र 200 रुपए में छपने वाली किताब 2000 में बेची जा रही हैं जो की शोषण के दायरे में आता है। स्कूल, कॉलेज और कोचिंग सेंटर लूट का अड्डा बन गए है।

### शिक्षा सेवा के बजाय धंधा



- अभिभावक संघ के महासचिव कृष्ण कुमार सोनी ने कहा कि किताबों का बार-बार बदलना शिक्षा को एक सेवा के बजाय धंधा बनाने जैसा है। इससे यह आभास होता है कि ज्ञान से अधिक महत्व किताबों की बिक्री को दिया जा रहा है।

### अभिभावकों पर दबाव बनाना चिंताजनक



- उत्तर प्रदेश बीटीसी शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि किताबों और ड्रेस को लेकर अभिभावकों पर आर्थिक दबाव बनाना अत्यंत चिंताजनक है। सीमित दुकानों से ही पुस्तक खरीदने की बाध्यता प्रतिस्पर्धा को समाप्त कर देती है, जिससे कीमतें बढ़ जाती हैं और अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। यह खुली लूट है जो बिना किसी हथियार के की जा रही है।

### सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाएं

- शिक्षिका रिंकी सिंह ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाई के स्तर में काफी सुधार हुआ है। एजुकेटर की भर्ती हुई है जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत खेल-खेल में शिक्षा देने का काम कर रहे है। सरकारी स्कूलों में सुविधाओं का लाभ उठाते हुए अपने बच्चों का नाम लिखाना चाहिए।

### पहले बड़े भाई-बहनों की किताबों से पढ़ लेते थे

- अभिभावक विश्वास सिंह ने कहा कि अक्सर घरों में छोटे भाई-बहन अपने बड़े भाई-बहनों की किताबों से पढ़ते हैं। किताबों के बार-बार बदलने से यह परंपरा खत्म हो गई है, जिससे शिक्षा अब व्यापार लगने लगी है।

# पार्किंसंस मरीजों के लिए डीप ब्रेन स्टिमुलेशन वरदान

- **दवाओं से राहत न मिलने पर डीबीएस से नई उम्मीद**
- **पीजीआई में 10 मरीजों को मिला तकनीक से लाभ**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पार्किंसंस रोग के जिन मरीजों पर दवाओं का असर कम या पूरी तरह बंद हो जाता है, उनके लिए डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) कारगर और आधुनिक उपचार विकल्प है। ये जानकारी एसजीपीजीआई के न्यूरोलॉजी विभाग की डॉ. रूचिका टंडन ने रविवार को वॉकथॉन के बाद मरीजों और तीमारदारों को दी।

पार्किंसंस डिजीज एंड मूवमेंट डिसऑर्डर सोसाइटी की लखनऊ शाखा नेवॉकथॉन का आयोजन किया। इसके बाद डॉ. टंडन ने बताया कि डीबीएस एक सर्जिकल प्रक्रिया है, जिसमें दिमाग के विशेष हिस्सों में छोटे-छोटे इलेक्ट्रोड लगाए जाते हैं। ये इलेक्ट्रोड सीने के पास लगाए गए एक डिवाइस से जुड़े होते हैं, जो हल्के इलेक्ट्रिकल सिग्नल भेजकर दिमाग के असामान्य संकेतों को नियंत्रित करते हैं। इससे कंपन, जकड़न और धीमी गति जैसी समस्याओं में राहत मिलती है। उन्होंने बताया कि एसजीपीजीआई में इस अत्याधुनिक तकनीक से अब तक 10 मरीजों का इलाज किया जा चुका है। खासकर उन मरीजों के लिए यह तकनीक अधिक प्रभावी है, जिनमें दवाओं के बावजूद लक्षण तेजी से बढ़ते हैं। डॉ. रूचिका ने कहा कि डीबीएस के जरिए मरीजों में कंपन और जकड़न कम हो सकती है, चलने-फिरने की क्षमता में सुधार आता है और दवाओं पर निर्भरता भी घटती है।

एसजीपीजीआई की डॉ. अमृता मोर ने पार्किंसंस रोग के मोटर और नॉन-मोटर लक्षणों की विस्तृत जानकारी दी। सोसाइटी के प्रमुख न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. प्रदीप गुप्ता ने बताया कि मरीजों और उनके परिजनों के लिए निशुल्क ''आशा की पाठशाला'' का आयोजन किया जाता है, जो उन्हें मानसिक और भावनात्मक सहयोग प्रदान करता है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि पार्किंसंस रोग केवल शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी मरीजों को प्रभावित करता है। ऐसे में जागरूकता और सहयोगात्मक पहल मरीजों को नई उम्मीद और हौसला देने में अहम भूमिका निभाती हैं।

## सहायक अध्यापक परीक्षा सम्पन्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी (एलटी ग्रेड) (कंप्यूटर विषय) की प्रारंभिक परीक्षा-2025 रविवार को शहर के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित हुई। परीक्षा एक पाली में सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक आयोजित की गई। लखनऊ के केंद्रों पर पंजीकृत अभ्यर्थियों में से परीक्षा देने वालों की संख्या करीब 50 प्रतिशत रही। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यार्थियों को सघन जांच के बाद ही अंदर जाने की अनुमति दी गई। पहचान पत्र, प्रवेश पत्र और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए आयोग और जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए थे। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। परीक्षा देने आए अभ्यार्थियों ने बताया कि प्रश्नपत्र का स्तर सामान्य से मध्यम रहा।

रोबोकॉप्स 2026

एसजीपीजीआई के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार ने दी जानकारी

# बच्चों के इलाज में रोबोटिक सर्जरी सुरक्षित और असरदार विकल्प

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गंभीर बीमारियों से जूझ रहे बच्चों के इलाज में रोबोटिक सर्जरी प्रभावी और सुरक्षित विकल्प के रूप में उभर रही है। आधुनिक तकनीक से अब जटिल से जटिल ऑपरेशन भी छोटे-छोटे चीरे लगाकर किए जा रहे हैं। इससे सटीक ऑपरेशन होने के साथ मरीजों की पीड़ा भी काफी कम हुई है। ये जानकारी एसजीपीजीआई के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. बसंत कुमार ने रविवार को रोबोकॉप्स 2026 सम्मेलन में दी।

डॉ. बसंत ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी में अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग किया जाता है। ये सर्जन को थ्री-डायमेंशनल और अत्यंत स्पष्ट दृश्य प्रदान करते हैं। इससे ऑपरेशन के दौरान जटिल और सूक्ष्म प्रक्रिया भी बेहद सटीक तरीके से पूरी की जा सकती है। यही कारण है कि अब गंभीर बीमारियों का इलाज अधिक सुरक्षित और प्रभावी तरीके से संभव हो रहा है। उन्होंने बताया कि इस तकनीक का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें बड़े चीरे लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। छोटे चीरे होने से रक्तस्राव कम होता है, ऑपरेशन के बाद दर्द भी कम रहता है और मरीज तेजी से स्वस्थ होते हैं। साथ ही अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि भी घट जाती है, जिससे संक्रमण का खतरा करीब 50 प्रतिशत तक कम हो जाता है। सम्मेलन का उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन ने किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बच्चों के लिए सुरक्षित, सटीक और आधुनिक सर्जरी को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे भविष्य के सर्जनों को नई तकनीकों के उपयोग के लिए तैयार करने में मदद मिलेगी।



कार्यक्रम में मौजूद निदेशक डॉ आरके धीमन डॉ बसंत कुमार व अन्य ।

## तकनीकों के सहयोग से स्तन कैंसर के उपचार में क्रांति

- **एसजीपीजीआई ब्रेस्ट कोर्स 2026 का समापन**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** तीन दिनों तक चले गहन अकादमिक मंथन, नवाचार और बहुविषयक शिक्षण के बाद एसजीपीजीआई ब्रेस्ट कोर्स 2026 और आईएईएस मिडकॉन का समापन रविवार को हुआ। इस सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों और प्रतिनिधियों ने भागीदारी निभाई और स्तन कैंसर प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया।

एसजीपीजीआई की प्रवक्ता कुसुम यादव ने बताया सम्मेलन का अंतिम दिन स्तन कैंसर उपचार की उभरती और भविष्य की दिशाओं पर केंद्रित रहा। इसमें न्यूनतम चीरा स्तन सर्जरी, मेटास्टेटिक स्तन कैंसर और युवा तथा आनुवंशिक रूप से संवेदनशील मरीजों के उपचार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। मिनिमली इनवेसिव ब्रेस्ट सर्जरी (एमआईबीएस) पर आयोजित विशेष संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने इसकी वर्तमान उपयोगिता, संभावित लाभ और सीमाओं का विश्लेषण किया। भारतीय परिप्रेक्ष्य में इसके उपयोग को लेकर सावधानीपूर्वक मरीज चयन, साक्ष्य-आधारित दृष्टिकोण और लागत से जुड़े पहलुओं पर विशेष जोर दिया गया। मेटास्टेटिक स्तन कैंसर पर चर्चा के दौरान व्यक्तिगत उपचार रणनीतियों के बढ़ते महत्व को रेखांकित किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि चुनिंदा मरीजों में सर्जरी और प्रणालीगत उपचारों का संतुलित समन्वय बेहतर परिणाम दे सकता है। वहीं, कम उम्र की महिलाओं में स्तन कैंसर प्रबंधन की जटिलताओं जैसे प्रजनन क्षमता, आनुवंशिकी और दीर्घकालिक उत्तरजीविता पर भी गंभीर मंथन हुआ। सम्मेलन का समापन विदाई समारोह के साथ हुआ, जिसमें सर्वश्रेष्ठ पोस्टर प्रस्तुतियों, प्रश्नोत्तरी विजेताओं और यात्रा अनुदान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। 60 से अधिक पोस्टर प्रस्तुतियों के साथ वैज्ञानिक कार्यक्रम को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली।

## एकेटीयू में आरडीसी की बैठक आज से

**अमृत विचार, संवाददाता:** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में आज से 16 अप्रैल तक शोध विकास समिति (आरडीसी) की बैठकें चलेंगी। 10 दिनों तक 10 विषयों में पीएचडी को लेकर विश्वविद्यालय ने आधिकारिक कार्यक्रम जारी किया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूचना के अनुसार समिति की बैठकें टेक्सटाइल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के साथ 6 अप्रैल को शुरू होंगी। इसके बाद फार्मेसी की 7 अप्रैल, इलेक्ट्रॉनिक्स 8 अप्रैल, कंप्यूटर साइंस 9 अप्रैल और केमिस्ट्री 10 अप्रैल की बैठकें निर्धारित हैं। गणित और आर्किटेक्चर के लिए 15 अप्रैल तथा फिजिक्स के लिए 16 अप्रैल की तिथि तय की गई है। उपपरीक्षा नियंत्रक ने बताया कि सभी संबंधित शोधार्थियों को अपने आवश्यक दस्तावेज और आलेख निर्धारित तिथि पर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के तीसरे तल स्थित पीएचडी अनुभाग में व्यक्तिगत रूप से जमा करने होंगे।

## सिटी ब्रीफ

### आभूषण केंद्र से लाखों के जेवर और रत्न लेकर कारीगर फरार

**अमृत विचार, लखनऊ:** गुडंबा स्थित जगदंबा ज्वैलरी शोरूम से कारीगर लाखों के जेवर व रत्न लेकर गायब हो गया। कल्याणपुर स्थित बसेरा विहार कॉलोनी निवासी सराफ व्यवसायी अनु वर्मा का जगदंबा आभूषण केंद्र के नाम से शोरूम है। शोरूम में प्रयागराज निवासी विकास सोनी कारीगर था। दिसंबर 2025 में कारीगर दुकान से लाखों के जेवर व रत्न लेकर गायब हो गया। स्टॉक में माल कम होने पर सर्राफ ने गुडंबा थाने में शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। दबाव डालने पर 28 दिसंबर को विकास पत्नी नेहा संग उनके घर आया। लिखित इकरारनामा कर एक माह के अंदर रत्न वापस करने की बात कही। तय समय बाद सराफ ने फोन किया तो नंबर बंद मिला। अनु ने विकास की पत्नी को फोन मिलाया तो संपर्क नहीं हुआ। धोखाधड़ी का एहसास होने पर सर्राफ ने एसीपी गाजीपुर से मुलाकात कर शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर गुडंबा पुलिस ने विकास सोनी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभातेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### लोन दिलाने का झांसा देकर 4.12 लाख ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ:** साइबर ठगों ने लोन दिलाने का झांसा देकर करीब 4.12 लाख रुपये ऐंठ लिए। शारदानगर स्थित रूचि खण्ड-1 निवासी सर्वेश कुमार वर्मा ने परिचित विशाल रस्तोगी के माध्यम से लोन के लिए फाइल दी थी। कई कंपनियों से कॉल आई, लेकिन लोन स्वीकृत नहीं हुआ। 20 मार्च को किसी अंकित मिश्रा ने फोन कर लोन दिलाने का आश्वासन दिया। प्रोसेसिंग के नाम पर 5,700 रुपये मांगे, फिर एफडी, जीएसटी, फाइलिंग व बीमा समेत तमाम मदों के नाम पर 4,11,700 रुपये ट्रांसफर कराए। अंकित ने एचडीएफसी बैंक का फर्जी आईडी कार्ड, आधार कार्ड और फर्जी चेक की फोटो व्हाट्सएप पर भेजकर कथित बैंक मैनेजर हेमंत से बात कराई। इसके बाद और रुपये की मांग की गई। शक होने पर सर्वेश ने पड़ताल की तो ठगी का पता चला। सर्वेश ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत करने के बाद आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच की जा रही है।

### राजकीय बाल गृह में किशोर की मौत

**अमृत विचार, काकोरी:** पारा क्षेत्र के मोहान रोड स्थित राजकीय बाल गृह में रविवार को एक किशोर बाथरूम में गिर कर घायल हो गया था। संस्था के कर्मचारियों ने उसे इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।





रसोई गैस सिलेंडर के लिए रविवार को भी एजेंसियों में लाइनें लगी रहीं। बीकेटी के पास कठुआ गांव में तीन-तीन दिन लाइन लगानी पड़ रही है। गुडंबा थाने के पीछे स्थित मैदान में बाबा विश्वनाथ भारतगैस एजेंसी के गोदाम पर भी सिलेंडर के लिए लंबी लाइन लगी रही।

# ऑनलाइन गेमिंग ने ले ली आढ़ती की जान

## शुक्रवार रात को हो गए थे लापता, रविवार को बीरबल साहनी मार्ग के पास गोमती में उतराता मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** महानगर के बीरबल साहनी मार्ग स्थित गोमती में रविवार सुबह संदिग्ध हालात में आढ़ती का शव उतराता मिला। नदी से कुछ दूरी पर युवक की बाइक भी खड़ी मिली। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। पुलिस ने जेब में मिले मोबाइल का सिम निकाला। उसके बाद परिजन को सूचना देकर शिनाख्त कराई। छानबीन में सामने आया कि आढ़ती ऑनलाइन गेमिंग का लती था।

खदरा के कदम रसूल निवासी हर्ष सोनकर (22) पिता कंचू सोनकर के साथ मोहिबुल्लापुर स्थित मंडी में आढ़त का काम करता था। शुक्रवार रात काम खत्म कर वह घर गया और बाइक लेकर निकल गया। काफी देर तक हर्ष के न लौटने पर परिजन ने फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। घरवालों ने खोजबीन लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। शनिवार को परिजन ने मदेयगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। रविवार सुबह बीरबल साहनी मार्ग स्थित गोमती नदी में युवक का शव उतराता मिला। राहगीरों ने डॉयल-112 पर सूचना दी। जानकारी पर महानगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गोताखोरों को बुलाया। उसके बाद शव को बाहर निकाला गया। शव की शिनाख्त हर्ष सोनकर के रूप में हुई।



हर्ष सोनकर

परिजन ने पुलिस को बताया कि हर्ष ऑनलाइन गेमिंग का लती था। हाल ही में वह गेम में कुछ रुपये भी हारा था। मदेयगंज एसओ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि परिवार ने कोई आरोप नहीं लगाया है। हर्ष गेम में कितने रुपये हारा अभी यह स्पष्ट नहीं है। कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। अगर परिजन कोई तहरीर देंगे तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### नकली नोट की गड्डी थमा ले उड़े जेवर

**अमृत विचार, लखनऊ:** कैसरबाग इलाके में टप्पेबाजों ने एक महिला को डेढ़ लाख रुपये की नकली नोटों की गड्डी देकर जेवर ठग लिए। महिला ने कैसरबाग कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उदयगंज के पुराना बर्फ खाना निवासी पिंकी शनिवार को बर्लिंगटन चौराहे गई थी। वहां दो टप्पेबाजों ने उन्हें रोक लिया। बैग में नकली नोटों की गड्डी दिखाते हुए कहा कि ये डेढ़ लाख रुपये हैं। बैग पिंकी को पकड़ा दिया और बातों में फंसाकर टप्पेबाज ने मंगलसूत्र व सोने के टॉप्स उतरवा कर साथ चलने के लिए कहा। पिंकी का कहना है कि कुछ दूर जाने के बाद टप्पेबाज गायब हो गए। उन्होंने बैग खोला तो उसमें 500 का एक नोट असली बाकी नीचे कागज लगे थे। पीड़िता ने बताया कि टॉप्स और मंगलसूत्र की कीमत करीब 70 हजार रुपये थी। पीड़िता ने घटना की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। पुलिस ने पिंकी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर कैसरबाग अंजनी कुमार मिश्रा का कहना है कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# बेकाबू मिक्सर ट्रक ने डेंटल सर्जन को कुचला, मौत

## कानपुर के केपीएम में तैनात थे डॉ. जय प्रकाश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गार्ड पर भी की ट्रक चढ़ाने की कोशिश
- बेटे की तहरीर रिपोर्ट दर्ज, चालक गिरफ्तार
- पत्नी डॉ. अर्चना केजीएमयू के एनॉटमी विभाग में प्रोफेसर



डॉ. जय प्रकाश गुप्ता

**अमृत विचार:** आईआईएम रोड पर शनिवार देर शाम शालीमार गार्डेन-वे के गेट पर मिक्सर ट्रक ने कानपुर के केपीएम में तैनात डॉक्टर को कुचल दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। रोकने का प्रयास करने पर चालक ने गार्ड को भी कुचलने का प्रयास किया। मड़ियांव पुलिस ने बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। मृतक डॉक्टर की पत्नी केजीएमयू के एनॉटमी विभाग में प्रोफेसर हैं।

शालीमार गार्डेन-वे निवासी डॉक्टर जय प्रकाश गुप्ता (58) कानपुर के केपीएम अस्पताल में डेंटल विभाग में सर्जन थे। पत्नी डॉ. अर्चना केजीएमयू के एनॉटमी विभाग में प्रोफेसर हैं। डॉ. अर्चना ने बताया कि जयप्रकाश शनिवार को कानपुर में ड्यूटी करके लौटे थे। शालीमार गार्डेन-वे के गेट पर बेटे देवांश का इंतजार करने लगे। शाम करीब 6:15 बजे इसी बीच परिसर के अंदर से निकले मिक्सर ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। सड़क पर गिरे डॉक्टर के सिर के ऊपर से ट्रक का पिछला पहिया निकला गया। सुरक्षा गार्ड ने रोकने का प्रयास किया तो चालक ने उस पर भी ट्रक चढ़ाने की कोशिश की। चालक ट्रक लेकर भाग गया। गार्ड की सूचना पर पहुंचे परिजन ने जयप्रकाश को करियर डेंटल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। डॉयल-112 पर सूचना मिलते ही मड़ियांव पुलिस मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि बेटे देवांश की तहरीर पर ट्रक नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। रविवार को आरोपी चालक जीतू को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### सीसी कैमरे में कैद घटना

सीसीटीवी कैमरे में डॉक्टर की मौत का वीडियो कैद हो गया। हादसे के बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में दिखा कि डॉक्टर जय प्रकाश गार्ड रूम के पास कोने पर खड़े हैं। इस बीच ट्रक आया। पिछले हिस्से की टक्कर डॉक्टर को लगी। डॉक्टर गिरे और ट्रक का पिछला पहिया उन पर चढ़ गया। गार्ड ने चिल्लाना शुरू कर दिया। यह देख चालक जब ट्रक लेकर भागा तो आस पड़ोस के लोगों ने पीछा किया। कुछ दूर आगे जाकर ट्रक रोका और चालक कूदकर भाग निकला था।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर है छोटा बेटा

छोटा बेटा बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। पिता की मौत की खबर मिलते ही वह बेसुध हो गया। वह आनन-फानन में लखनऊ के लिए निकला। रविवार सुबह देवेंद्र अपने घर पहुंचा। बड़ा बेटा देवांश केजीएमयू से एमबीबीएस कर रहा है। हादसे के बाद से परिवार का रो-रोका बुरा हाल है।

# लिव-इन में रह रही महिला की संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शादी के चार माह बाद पति को छोड़ प्रेमी संग रह रही थी
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि

**अमृत विचार:** मदेयगंज स्थित मशालची टोला इलाके में प्रेमी संग लिवइन में रह रही शादीशुदा महिला की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। रविवार को मां के साथ थाने पहुंचे प्रेमी ने महिला द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने की सूचना पुलिस को दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के भाई ने प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसओ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि दुबग्गा स्थित अंधे की चौकी इलाके में रहने वाली अलीशा बानो (20) की डेढ़ वर्ष पहले कानपुर में शादी हुई थी। शादी के चार माह बाद ही अलीशा ससुराल से लौट आई। उसके बाद पारा के तेजीखेड़ा निवासी प्रेमी अयान खान के साथ रहने लगी। दोनों मदेयगंज थाना क्षेत्र के मशालची टोला स्थित ग्लोब कैफे के पास किराए पर कमरा लेकर रहते थे। रविवार सुबह करीब आठ बजे मां नूरी संग अयान थाने पहुंचा। पुलिस को बताया कि सुबह करीब चार बजे वह वॉशरूम गया था।

कुछ देर बाद लौटा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। आवाज दी, खटखटाया लेकिन दरवाजा नहीं खुला। अनहोनी की आशंका पर अयान ने दरवाजा तोड़ दिया। भीतर गया तो दुपट्टे के सहारे अलीशा फंदे से लटक रही थी। पुलिस ने घटना की जानकारी अलीशा के घरवालों को दी तो वे भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है।

### भाई ने लगाया हत्या का आरोप

भाई वसीम ने पुलिस को बताया कि अयान अलीशा को प्रताड़ित करता था। वसीम ने बहन की हत्या का आरोप लगाया। पीड़ित ने मामले में जांच की मांग की है। एसओ का कहना है कि आरोपों की जांच की जा रही है।



अलीशा बानो का फाइल फोटो।

## पुलिस ने 96 लोगों के खोए मोबाइल लौटाए

**अमृत विचार, लखनऊ:** हजरतगंज पुलिस ने 96 लोगों के खोए हुए मोबाइल बरामद कर सुपुर्द कर दिया। बरामद किये गये मोबाइल की कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। इसके लिए हजरतगंज पुलिस की टीम ने सर्विलांस और अन्य आधुनिक तकनीकी का सहारा लिया था। खासकर सीईआईआर पोर्टल का उपयोग कर मोबाइल के आईएमईआई नंबर के आधार पर उनकी लोकेशन ट्रेस की गई। अलग-अलग स्थानों पर मिले इन मोबाइल फोन को पुलिस टीम ने लगातार प्रयासों के जरिए रिकवर किया। विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किया गया। इस विशेष अभियान का संचालन डीसीपी मध्य विक्रांत वीर और एडीसीपी जितेंद्र दुबे के निर्देशन में इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह की टीम ने बरामद किया।

# निजी अस्पताल में बुजुर्ग की मौत पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद 50 हजार वसूली का आरोप
- अस्पताल प्रबंधन ने बताया मरीज गंभीर था, दिल का दौरा पड़ने से मौत हुई

**अमृत विचार:** मड़ियांव स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में इलाज के दौरान रविवार तड़के एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद बेटे ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल में हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को शांत कराया। परिजनों ने मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी है और सीएमओ को भी पत्र भेजा है।

बीकेटी निवासी आशीष सक्सेना ने बताया कि उन्होंने अपने 83 वर्षीय पिता रमेश चंद्र सक्सेना को शनिवार सुबह करीब 11 बजे सीतापुर रोड स्थित ताड़ीखाना के कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। आरोप है कि मरीज आयुष्मान कार्डधारक होने के बावजूद अस्पताल प्रशासन ने कार्ड लेने से मना कर दिया और जांच व इलाज के नाम पर करीब 50 हजार रुपये वसूल लिए।

आशीष के मुताबिक, उनके पिता खुद बाइक पर बैठकर अस्पताल पहुंचे थे और अस्पताल प्रशासन ने जल्द ही इलाज कर डिस्चार्ज करने का भरोसा दिया था। लेकिन कुछ ही घंटों में उनकी हालत बिगड़ गई। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल में कोई कुशल डॉक्टर मौजूद नहीं था और दबाव बनाने के बाद ही एक विशेषज्ञ को ऑन कॉल बुलाया गया। वहीं, अस्पताल के निदेशक सुधीर अग्रवाल ने परिजनों के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि मरीज को बेहद गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। उनके पेट में पानी भरा हुआ था और किडनी से संबंधित समस्या भी थी। रविवार तड़के करीब चार बजे इलाज के दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ा। स्टाफ ने तत्काल सीपीआर देकर बचाने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका।

# हिस्ट्रीशीटर ने दूसरे पक्ष पर किया हमला, कई राउंड फायरिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एक कारतूस और दो खोखे बरामद आरोपियों की तलाश में लगी चार टीमें
- विकासनगर इलाके में तड़के हुई वारदात

**अमृत विचार:** गुडंबा थाने के हिस्ट्रीशीटर ने रंजिश में विकासनगर में रविवार तड़के साथियों के साथ दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया। करीब पांच राउंड फायरिंग कर दहशत फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस को दो खोखे व एक कारतूस मिला है। हिस्ट्रीशीटर व उसके साथियों की तलाश में चार टीम लगाई गई हैं।

विकासनगर निवासी हनी तिवारी और रोहित के बीच करीब छह माह से रंजिश चल रही है। रविवार तड़के करीब 3 बजे दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। हनी का आरोप है कि रोहित और उसके साथी कार से उतरे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर असलहा निकाला और ताबड़तोड़ पांच से ज्यादा राउंड फायरिंग कर भाग निकले। घटना से मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसओ विकासनगर आलोक कुमार सिंह ने बताया कि मौके से दो खोखे और एक कारतूस बरामद किया गया है। आरोपी कार सवारों की तलाश में पुलिस की चार टीमें दबिश दे रही हैं। हनी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।





फायरिंग के मौजूद युवक और खड़ी कार।

घटनास्थल के कुछ वीडियो मिले हैं। साथ ही आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। छानबीन में पता चला कि रोहित गुडंबा थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसका ब्योरा खंगाला जा रहा है। घटना के वक्त उनके साथ कौन-कौन था, उसके बारे में पता लगाया जा रहा है। एसओ ने बताया कि दोनों पक्षों में पुरानी रंजिश है। करीब तीन माह पहले हनी और उसके साथी रजत का अलीगंज में रोहित से विवाद हुआ था। उसमें हनी पक्ष पर फायरिंग का आरोप था। दोनों पक्षों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। जिसमें हनी और रजत को पुलिस ने जेल भेजा था। कुछ दिन पहले ही हनी जेल से जमानत पर बाहर आया था।

### कागजों पर हो रही हिस्ट्रीशीटर की निगरानी

हिस्ट्रीशीटर पर निगरानी का करने का दावा करने वाले लखनऊ पुलिस सिर्फ कागज तक सीमित है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर घोषित होने के बाद से रोहित लगातार आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा था। इसके बाद भी पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की गई। उसके खिलाफ हाल ही में गाजीपुर थाने में भी मारपीट, लूट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है। जानकीपुरम में भी आरोपी ने घटना की थी, लेकिन पुलिस ने मामले को दबा दिया था।

धरा गया | पकड़े गए आरोपी पर लूट व गैंगेस्टर एक्ट के करीब 16 मामले दर्ज

# कर्ज उतारने को लूट करने वाला फॉस्ट फूड विक्रेता गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लूटी गई चेन, लॉकेट, व लूट में प्रयुक्त बाइक बरामद
- डॉक्टर, शिक्षिका समेत तीन से की थी लूट, फरार साथी की तलाश

**अमृत विचार:** शाहखर्ची और कर्ज उतारने के लिए डॉक्टर समेत दो महिलाओं से लूट करने वाले फॉस्ट फूड विक्रेता को पीजीआई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से टूटी गई एक चेन, लॉकेट, दो मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद किया गया है। तीसरी वारदात में आरोपी के साथ शामिल रहे लुटेरे की तलाश में पुलिस दबिशें दे रही है। पकड़े गए आरोपी पर लूट व गैंगेस्टर एक्ट के करीब 16 मामले दर्ज हैं।

डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने बताया कि 2 अप्रैल की देर शाम सपना एंक्वेव वृंदावन निवासी डॉ. सोनी सिंह से बाइक सवार बदमाश ने चेन लूट की थी। इसके पहले 30 मार्च को रायबरेली के हरचंदपुर निवासी रेखा उतरेठिया पर बस का इंतजार करते समय बाइक सवार बदमाश ने मंगलसूत्र लूट लिया था। दोनों वारदातों में 4 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो बाइक सवार लुटेरे की करतूत कैद मिली। जिसके बाद बदमाश को पकड़ने के लिए टीम गठित की गयी।



लूट का आरोपी।

इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली कि पीताम्बरा शक्तिपीठ के सामने बाइक सवार संदिग्ध मौजूद है। सूचना पर पुलिस ने दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से भागने लगा। घेराबंदी कर पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विशाल खत्री निवासी सेक्टर 06 तेलीबाग पीजीआई बताया। आरोपी मूल रूप से जेसीटी मिल के पास अमर चौक फगवाड़ा पंजाब का रहने वाला है।

इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी विशाल ने साथी विपिन यादव निवासी रंजित खेड़ा मौरावां उन्नाव के साथ 28 मार्च को पंचमखेड़ा में शिक्षिका सरिता की चेन खींची थी। लूटी गयी चेन विपिन के पास है। आरोपी पर विभूतिखंड, विकासनगर, गुडंबा, गाजीपुर, इंदिरानगर, जानकीपुरम, चिनहट, आशियाना, अलीगंज व पीजीआई में लूट के 16 मामले दर्ज हैं। वर्ष 2023 में विकासनगर पुलिस ने आरोपी विशाल पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी।

पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि वह जी-20 रोड पर फॉस्ट फूड का ठेला लगाता है। शाहखर्ची में काफी उधार होने के चलते वह साथी संग मिलकर या अकेले मौका पाकर लूट की घटनाएं करता है। पुलिस फरार विपित की तलाश में दबिशें दे रही है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# पॉलिटेक्निक चौकी के पास युवक को दौड़ाकर पीटा, चेन भी छीनी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पत्थर मारकर तोड़ा कार का शीशा
- राहगीरों ने मारपीट का वीडियो बनाकर किया वायरल
- पीड़ित की तहरीर पर गाजीपुर पुलिस ने शुरु की जांच

**अमृत विचार:** पॉलिटेक्निक पुलिस चौकी के पार रविवार तड़के तीन-चार लड़कों ने एक युवक को सड़क पर दौड़ाकर पीटा और गले से चेन लूट ली। मारपीट के दौरान भीड़ तमाशबीन बनी रही। युवक का साथी पुलिस चौकी पर गया, लेकिन वहां कोई नहीं था, दीवार पर लिखे नंबर पर फोन लगाया, लेकिन किसी ने उत्तर नहीं दिया। डायल 112 पर फोन करने के बाद गाजीपुर पुलिस पहुंची, लेकिन हमलावर भाग निकले। हमलावरों ने पत्थर मारकर कार का शीशा भी फोड़ दिया। सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल है।

इंदिरानगर बी-ब्लॉक निवासी हिमांशु चौधरी रविवार भोर करीब 3:30 बजे कार से पॉलिटेक्निक पुलिस चौकी के पास चाय पीने गए थे। इस दौरान बाइक से दो-तीन युवक वहां आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर हिमांशु को दौड़ाकर पीटा। करीब आधे घंटे तक तीन-चार लोगों ने उसे पीटते रहे, इस दौरान लोग तमाशबीन बने रहे। हिमांशु का साथी मदद के लिए चौकी पहुंचा, लेकिन वहां कोई पुलिसकर्मी नहीं मिला। चौकी पर लिखे नंबर पर फोन किया, लेकिन मदद नहीं मिली। इस बीच किसी ने डॉयल-112 पर सूचना दे दी, तब गाजीपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को आता देखकर हमलावर भाग निकले। आरोप है कि मारपीट के दौरान हिमांशु की गले से चेन छीन ली। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेज दिया। पुलिस ने पीड़ित से तहरीर पर मामले की जांच शुरु कर दी है। गाजीपुर इंस्पेक्टर राजेश मौर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

सिटी ब्रीफ

### साहू राठौर सेवा संस्थान ने की बैठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** साहू राठौर सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश की बैठक रामनगर बालागंज स्थित पंजीकृत कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गोरखपुर मंडल प्रभारी राजकुमार गुप्ता ने की। इस दौरान समाज की राजनीतिक, शैक्षिक और संगठनात्मक मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इसका मुख्य एजेंडा राजनीति में आनुपातिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ठोस नीति बनाना, शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छात्रावास निर्माण कार्य की शुरुआत करना तथा विभिन्न राजनीतिक दलों से सम्मानजनक प्रतिनिधित्व प्राप्त करना रहा। प्रांतीय अध्यक्ष कैलाश नाथ साहू ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को अपेक्षित राजनीतिक भागीदारी नहीं मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दल समाज के मतदाताओं को नजरअंदाज कर रहे हैं, जबकि पूर्व में समाज को सम्मानजनक अवसर दिए गए थे। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में समाज के हितों की रक्षा और राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।



राज बिसरिया प्रेक्षागृह में नृत्य प्रस्तुत करते वाराणसी के विशाल कृष्ण।

### चैती महोत्सव में दीं लोक संस्कृति की प्रस्तुतियां

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान और विश्वकर्मा सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय चैती महोत्सव का आयोजन हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड वेलफेयर सेंटर, इन्दिरा नगर में सम्पन्न हुआ। महोत्सव में लोक संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में प्रियांशी वर्मा, सुरेश कुशवाहा, जया, दीपिका मिश्रा एवं किरण सहित अनेक कलाकारों ने लोकगीत एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विश्वकर्मा सेवा समिति के अध्यक्ष विजय विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में महामंत्री राममिलन विश्वकर्मा, निर्मल जनकल्याण एवं सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष निर्मला शर्मा, महामंत्री मधुबाला, विपिन शर्मा और लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान की ओर से राजेश शर्मा मौजूद रहे।

### सीसी रोड निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड के बदाली खेड़ा में रविवार को सीसी रोड निर्माण कार्य का शिलान्यास मंडल अध्यक्ष केके श्रीवास्तव , पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता,अशोक ओझा और सूर्यकुमार मिश्रा ने किया। पार्षद प्रतिनिधि संतोष त्रिपाठी ने बताया कि सड़क बदाली खेड़ा की प्रमुख मार्गो में से एक है।इससे प्रतिदिन भारी तादाद में लोगों का आवागमन होता है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य डॉ. लाल जी मौर्य के क्लीनिक से लेकर पाल जी के शिव मंदिर होते हुए राजकुमार उपाध्याय के घर तक और सत्यलोकेश्वर मंदिर से जेपी वर्मा के मकान तक कराया जाएगा। प्रीति शर्मा, फूलचंद गौतम, पंकज कुमार, अमित कुमार, राजेश कुमार पाल, सतीश रावत, हिमांशु, सूबेदार, प्रिंस, चंदन, शिवा, ऋषि राम, संजय मौजूद रहे।







गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर नाका हिंडोला स्थित गुरुद्वारा की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में बैंड बजातीं छात्राएं, गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी उठाए सिख धर्मावलंबी और शोभायात्रा के आगे चलते पंच प्यारे। अमृत विचार

# गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर निकाला नगर कीर्तन

## रागी जत्थे ने किया कीर्तन, गतका दल ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व और 350वें शहीदी वर्ष के अवसर पर शहर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। नाका हिंडोला स्थित गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब की ओर से भव्य नगर कीर्तन निकाला गया, जिसने पूरे शहर को भक्तिमय माहौल में रंग दिया।

नगर कीर्तन की शुरुआत नाका हिंडोला गुरुद्वारे से हुई, जो विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए यहियागंज गुरुद्वारे तक पहुंचा। इस दौरान कीर्तन टोली के साथ चल रहे गतका दल ने तलवारबाजी और पारंपरिक युद्धकला के रोमांचक करतब प्रस्तुत किए। इन करतबों को देखने के लिए रास्ते भर भारी भीड़ जुटी रही और लोग आश्चर्यचकित होकर प्रदर्शन का आनंद लेते नजर आए। शोभा यात्रा में गुरुद्वारा कमेटी के सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी, डॉ. गुरमीत सिंह सहित कई प्रमुख सिख संस्थाओं के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में संगत शामिल हुई। श्रद्धालुओं ने गुरु जी के बलिदान को याद करते हुए सतनाम और वाहेगुरु के जयकारे लगाए। इस पावन अवसर पर शहर के विभिन्न गुरुद्वारों में विशेष कीर्तन और अरदास का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर सेवा में भाग लिया। पूरा वातावरण गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाओं और उनके अद्वितीय बलिदान की भावना से ओतप्रोत नजर आया।



गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा में करतब दिखाते गतका दल के सदस्य। अमृत विचार

### प्रो. अली अहमद फातमी को मिला शारिब रुदौलवी अवार्ड

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रोफ़ेसर शारिब रुदौलवी मेमोरियल कमेटी की ओर से ऑल इंडिया कैफी आज़मी अकादमी में रविवार को प्रोफेसर शारिब रुदौलवी अवॉर्ड-2025 समारोह और प्रो. शारिब रूदौलवी मेमोरियल लेक्चर का आयोजन किया गया। इसमें जस्टिस सैयद कमर हसन रिज़वी ने प्रो. अली अहमद फातमी को तीसरे शारिब रुदौलवी अवार्ड से सम्मानित किया। अध्यक्षता पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिज़वी ने की और मुख्य अतिथि बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग की पूर्व अध्यक्ष प्रो. कमर जहां रहीं। संचालन लखनऊ विश्वविद्यालय के उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रो. अब्बास रज़ा नैयर ने किया। खुनखुन जी गर्ल्स पीजी कालेज के उर्दू विभाग की अध्यक्ष प्रो. रेशमा परवीन ने बताया कि शारिब रुदौलवी अवॉर्ड उनके जीवनकाल में ही शुरू करने की इच्छा थी, लेकिन उन्होंने इसकी अनुमति नहीं दी। दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. खालिद अशरफ ने शारिब रुदौलवी और उनके आलोचनात्मक विचार विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्षीय भाषण में डॉ. अम्मार रिज़वी ने कहा कि जब तक उर्दू साहित्य रहेगा, तब तक शारिब रुदौलवी का नाम भी जीवित रहेगा। इस अवसर पर प्रो. क़मर जहां, प्रो. रूपरेखा वर्मा, प्रो. मोहम्मद काज़िम और डॉ. खान अहमद फारूक ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# ईस्टर पर मसीही समाज ने निकाला जुलूस

## 3000 श्रद्धालुओं ने जुलूस में शामिल होकर मनाई प्रभु यीशु के पुनरुत्थान की खुशी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** ईस्टर पर रविवार को शहर की सभी कलीसियाओं (चर्च) की ओर से जुलूस निकाला गया। इसमें 3000 मसीही श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रभु यीशु के पुनरुत्थान की खुशी मनाई। श्रद्धालु 'येशु जी उठा है' जैसे संदेश लिखे प्लेकार्ड और बैनर लिए थे।

सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च लालबाग से शाम 4:30 बजे निकला जुलूस कैसरबाग चौराहे, बीएन रोड, नूर मंजिल और नोवेल्टी टाकीज होते हुए संत जोसफ कैथेड्रल में समाप्त हुआ। श्रद्धालु गाओ गाओ जय के गीत गाओ और जी उठा है मसीहा जैसे भजन गाते हुए दो की पंक्तियों में आगे बढ़ रहे थे। जुलूस के समापन के बाद संत जोसफ कैथेड्रल में विशेष आराधना का आयोजन किया गया।फादर एलियास ने इसका संचालन किया। प्रारंभिक प्रार्थना रेव्ह लॉरेंस जोसेफ ने की। बिशप डॉ. जी मथायस ने ईस्टर का संदेश दिया और धर्मग्रंथ का पाठ रेव्ह ईएफ बख्श ने गया। समापन प्रार्थना बिशप ऑगस्टस एंथोनी ने कराई और धन्यवाद ज्ञापन ई. माकाइट ने किया। फादर लॉरेंस नोरोन्हा, डॉ. मनोज सिंह, फादर नरेश लोबो सहित कई पादरी और धर्मगुरु उपस्थित रहे। अंत में सभी ने एक-दूसरे को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं।



ईस्टर जुलूस में पवित्र क्रॉस लिए श्रद्धालु साथ में पादरी और अन्य लोग। अमृत विचार

### मानवता के कल्याण के लिए ईसा मसीह ने दिया बलिदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** बुद्धेश्वर पिंक सिटी स्थित दया का घर में रविवार को यीशु मसीह के जी उठने का पर्व ईस्टर (पुनरुत्थान दिवस) बेहद हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष प्रार्थना सभा और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सैकड़ों की संख्या में मसीही समाज के लोग और अन्य श्रद्धालु शामिल हुए।चर्च के संस्थापक आर्च बिशप डॉ. आरसी शेत ने इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को ईस्टर का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रभु यीशु मसीह ने संपूर्ण मानवता के कल्याण और मानव जीवन की रक्षा के लिए क्रूस पर अपना बलिदान दिया। जो ईश्वर इस समस्त सृष्टि का रचयिता है, उसने मानव जाति को पापों की दासता से मुक्ति दिलाने और दुनिया में शांति स्थापित करने के लिए स्वयं मनुष्य रूप में अवतार लिया। उन्होंने अपना पूरा जीवन दूसरों की सेवा में समर्पित कर दिया और मृत्यु पर विजय प्राप्त कर तीसरे दिन मुर्दों में से जी उठे। इस विशेष आयोजन में बच्चों ने यीशु मसीह के पुनरुत्थान और उनके जीवन संदेश पर आधारित नाटक, मधुर गीत और सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए।



ईस्टर जुलूस में गीत गातीं युवतियां।

# महर्षि कश्यप जयंती पर निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, , काकोरी

**अमृत विचारः** दुबग्गा में महर्षि कश्यप और निषाद राज जयंती पर कश्यप समाज ने दुबग्गा से बालागंज चौराहा स्थित निषाद राज प्रतिमा तक शोभायात्रा निकाली। निषादराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके बाद एन के लॉन पर एक गोष्ठी हुई। जिसमें पूर्व मंत्री सीताराम कश्यप ने महर्षि कश्यप व निषाद राज के बारे में बताया।

उन्होंने भारतीय संस्कृति को अपनाने का आह्वान भी किया। विनय कश्यप ने कहा कि किसी भी समाज को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा की अहम भूमिका होती है। इसलिए हम लोगो शिक्षा पर जोर देना चाहिए। प्रोफेसर पूजा कश्यप व अजय भारती, देवेंद्र कश्यप ने भी विचार व्यक्त किए। नीरज गौड़ ने संगीत प्रस्तुत किया। महर्षि कश्यप सर्वजन कल्याण समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष अखिलेश कश्यप , सत्य नारायण कश्यप , दयाराम कश्यप, अरविंद कश्यप ,सुजीत कश्यप, अंकित कश्यप, प्रताप कश्यप, ओम कश्यप (सभासद), सजीवन कश्यप राम कुमार कश्यप, मनोज कश्यप समेत कई लोग उपस्थित रहे।

### नृत्य-नाटिका से किया रामायण के प्रसंगों का मंचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कुर्मांचल नगर के मोहन सिंह बिष्ट प्रेक्षागृह में रविवार को आर्ट्स एण्ड कल्चरल सोसाइटी रंगमंडल ग्रुप कल्याणपुर की ओर से श्रारीम की गाथा पर आधारित संक्षिप्त रामायण नृत्य-नाटिका का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि कर्नल आशुतोष श्रीवास्तव और वैज्ञानिक डॉ. चंद्र मोहन नौटियाल, उमेश सवाल, परिषद अध्यक्ष भरत सिंह बिष्ट ने किया। इसके बाद पूरन सिंह जीना के निर्देशन में अभिनय किया गया। लगभग एक घंटा बीस मिनट की प्रस्तुति में राम जन्म, सीता स्वयंवर, परशुराम-लक्ष्मण संवाद, केवट प्रसंग, शबरी भेंट, सीता हरण, हनुमान-सीता मिलन, अंगद-रावण संवाद, राम-रावण युद्ध तथा अयोध्या आगमन का मंचन किया गया। परशुराम-लक्ष्मण संवाद एवं अंगद-रावण संवाद की प्रस्तुति भी दी गई। नाटक में एन्द्री बिष्ट, कामना बिष्ट, कृतिका रावत, सचिन, महेन्द्र सिंह नेगी, वेदांत बिष्ट, सुरेश पाण्डेय, पूरन जोशी, विजय, लाल सिंह बिष्ट एवं शेर सिंह भाकुनी, शोभा पटवाल, लाल सिंह बिष्ट, निहारिका रावत, ज्योति जोशी, अदिति, विजय सिंह बिष्ट, गार्गी घुघत्याल एवं नन्दनी बिष्ट ने भूमिकाएं निभाईं।

सिटी डायरी



राष्ट्रीय समुद्री दिवस पर केक काटते सीफेरर्स व अन्य।

### राष्ट्रीय समुद्री दिवस पर सम्मानित किए गए सीफेरर्स

**अमृत विचार,लखनऊ :** 63वें राष्ट्रीय समुद्री दिवस के अवसर पर राजधानी लखनऊ के अलीगंज स्थित सीनियर सिटीजन सेंटर में समुद्री क्षेत्र से जुड़े अनुभवी और युवा कर्मियों को सम्मानित किया गया। ब्यूफोर्ट सी एंड शोर फाउंडेशन एवं आल्दा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में केक काटकर उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में 83 वर्षीय चीफ इंजीनियर महेन्द्र सिंह को उनके लंबे अनुभव और समुद्री क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। चीफ इंजीनियर देवेंद्र पाण्डेय और कैप्टन जुनेद ने वैश्विक हालात और समुद्री मार्गों पर बढ़ती चुनौतियों का जिक्र किया। रोहित रमवापुरी ने मर्चेंट नेवी कर्मियों को सेना के समान सुविधाएं देने की मांग उठाई। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी सीफेरर्स के परिवारों के त्याग और धैर्य को रेखांकित किया।



नई कार्यकारिणी गठन के मौके पर उपस्थित पदाधिकारी।

### खालिद अध्यक्ष, देवेंद्र पांडेय महामंत्री बने

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा और संविदा कर्मचारी संघ के चतुर्थ द्विवार्षिक सम्मेलन के दूसरे दिन रविवार को गांधी भवन में नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खालिद ने चुनाव अधिकारी केडी मिश्र व डॉ. सतीश की देखरेख में चुनाव कराया गया। इसमें मोहम्मद खालिद को पुन : प्रदेश अध्यक्ष, हर्षवर्धन को उपाध्यक्ष तथा देवेन्द्र कुमार पांडेय को चौथी बार महामंत्री चुना गया। सभी पदाधिकारियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। साथ ही बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों के शोषण व उत्पीड़न के खिलाफ संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। सम्मेलन में कई पदाधिकारी व सैकड़ो सदस्य मौजूद रहे।



प्रेरणा स्थल का निरीक्षण करते आनंद, नीरज व अन्य।

### गौरव सम्मान समारोह आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा के 47वें स्थापना दिवस समारोह को लेकर रविवार को महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैसरबाग स्थित कार्यालय में बैठक की। उन्होंने वसंत कुंज स्थित राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर सोमवार को होने वाले 'गौरव सम्मान' समारोह की तैयारियों का जायजा भी लिया। वरिष्ठ नेता डॉ नीरज सिंह भी साथ रहे। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक कार्यक्रम होंगे। 6 अप्रैल को सुबह 9 बजे लखनऊ महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष पार्टी का ध्वज फहराएंगे। शाम 5 बजे महानगर और जिला इकाई की ओर से राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर 'गौरव सम्मान' समारोह किया जाएगा।



शिविर में मौजूद चिकित्सक और अन्य।

### सैनिक स्कूल में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** पद्मनाभ स्वामी सेवा फाउंडेशन ने रविवार को सरोजनी नगर स्थित कैप्टन मनोज पांडे सैनिक स्कूल में स्वास्थ्य शिविर लगाया। इसमें बच्चों को स्वास्थ्य परामर्श और दवाएं दी गईं। चिकित्सकों ने मौसम में लगातार हो रहे बदलाव से फैलने वाली बीमारियों जैसे दाद, खाज, खुजली, बुखार, सर्दी-जुकाम एवं टाइफाइड के बारे में भी जागरूक किया।

आस्था

राजा बाजार स्थित गीता भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य ने सुनाया प्रहलाद चरित्र और गंगावतरण का प्रसंग

# परमात्मा हर जगह बस प्रहलाद की तरह पुकारने की जरूरत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति सुहासिनी की ओर से राजा बाजार स्थित गीता भवन में चल रही श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन रविवार को कथा वाचक आचार्य उमेश कुमार मिश्रा ने प्रहलाद चरित्र और गंगावतरण की कथा सुनाई।

कथा व्यास ने भक्त प्रहलाद के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भक्ति में अपार शक्ति होती है। हिरण्यकश्यप के तमाम अत्याचारों के बाद भी बालक प्रहलाद का विश्वास भगवान विष्णु के प्रति कभी कम नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि परमात्मा हर जगह व्याप्त हैं, बस उन्हें प्रहलाद जैसे सच्चे और निश्छल प्रेम से पुकारने की जरूरत है। जब हिरण्यकश्यप ने पूछा कि क्या तेरा भगवान इस खंभे में भी है, तो प्रहलाद के अटूट विश्वास ने खंभे से भगवान नरसिंह को प्रकट कर दिया। यह प्रसंग हमें सिखाता है कि विषम परिस्थितियों में भी अपने धर्म और ईश्वर पर अटूट विश्वास बनाए रखना चाहिए। इसके बाद कथा व्यास ने गंगावतरण की कथा सुनाते हुए कहा कि किस तरह राजा भगीरथ की कठोर तपस्या के बाद मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ और उन्होंने राजा सगर के 60 हजार पुत्रों का उद्धार किया।

इस अवसर पर लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय महिला समिति सुहासिनी की अध्यक्ष रागिनी रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीमा रस्तोगी, मंत्री शालिनी रस्तोगी, कोषाध्यक्ष ऋचा रस्तोगी, संगठन मंत्री क्षमा रस्तोगी आदि की मौजूदगी रही। संस्था की अध्यक्ष रागिनी रस्तोगी ने बताया कि सोमवार को कथा में श्रीकृष्ण जन्म और भव्य नंदोत्सव अत्यंत धूमधाम के साथ मनाया जाएगा।





राजा बाजार स्थित गीता भवन में कथा का वाचन करते आचार्य उमेश कुमार और मौजूद लोग। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ


छात्रा आरोही सिंह।

### सीएमएस की छात्रा बनी चैंपियन

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल अयोध्या रोड कैम्पस की कक्षा-6 की छात्रा आरोही सिंह ने इंटरनेशनल एबेकस प्रतियोगिता में चैंपियन का खिताब अर्जित किया है। प्रतियोगिता का आयोजन शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में किया गया। यह जानकारी सीएमएस हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है। खन्ना बताया कि प्रतियोगिता में विश्व के कई देशों के प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमे छात्रा ने एबाकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने आरोही की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए ट्राफी व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। संस्थापिका-निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने इस होनहार छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### बाल निकुंज के 330 मेधावी सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : बाल निकुंज इंटर कॉलेज (बॉयज विंग) मोहिबुल्लापुर में रविवार को मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वार्षिक परीक्षा परिणाम के बाल निकुंज इंटर कॉलेज (बॉयज विंग) प्राइमरी, जूनियर और सीनियर कक्षाओं के 330 टॉप- 10 प्रतिभावान मेधावियों को सम्मानित किया गया। कॉलेज प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल ने सभी मेधावियों को उनकी कक्षाओं में प्राप्त रैंक के आधार पर शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार दिए। शिक्षक व अभिभावक मौजूद रहे।

### लखनऊ की फुटबॉल टीम घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : मुरादाबाद में आठ से 13 अप्रैल तक चलने वाली राज्य अंडर-20 बालक फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए लखनऊ टीम की घोषणा हो गई है। जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव कन्हैया लाल के मुताबिक चौक स्टेडियम में आयोजित ट्रायल में 50 से ज्यादा फुटबॉलरों ने भाग लिया। इसमें प्रदर्शन के आधार पर 16 सदस्यीय टीम का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों में विशाल, राज, आर्यन, मोहम्मद कैफ खान, रोहित, भविष्य, आकाश, शाहिद, अर्श, रेहान, कबीर, साकिब, शिवम, सत्यम, कैफ, शिवांश का चयन किया गया। इसके अलावा दिलनवाज, अरिहंत, मिर्जा, अनुकल्प आरक्षित खिलाड़ी होंगे। पान सिंह मैनेजर बनाए गए हैं।

### हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन कल से

अमृत विचार, लखनऊ : केडी सिंह बाबू सोसाइटी के तत्वावधान में दूसरी फजलुर रहमान मेमोरियल सब जूनियर हॉकी प्रतियोगिता छह अप्रैल से शुरू हो रही है। चंद्रभानु गुप्त मैदान में खेली जाने वाली यह लीग कम नॉकआउट आधार पर होने वाली प्रतियोगिता दस अप्रैल तक चलेगी। पांच दिवसीय आयोजन के दौरान छह टीमें खिताब के लिए जोर लगाएंगी। इन टीमों में लखनऊ से फजलुर रहमान इलेवन, केडी सिंह बाबू इलेवन, बुला गांगुली इलेवन, मो. शाहिद इलेवन, जमनलाल शर्मा इलेवन के अलावा बाराबंकी से गांधी क्लब की टीम भाग लेंगी। आयोजन सचिव खुर्शीद अहमद ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसका ड्रॉ आयोजन स्थल पर दोपहर तीन बजे निकाला जाएगा। इसके बाद प्रतियोगिता शुरू होगी।

### सेवा सुरक्षा बहाली महारैली की तैयारी का लिया जायजा

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट द्वारा सेवा सुरक्षा बहाली महारैली को सफल बनाने के लिए तैयारियों का जायजा लिया। प्रदेश के सभी शिक्षकों का आह्वान किया गया कि कल आयोजित धरना प्रदर्शन में अपनी सेवाओं को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हों। सभी ने एक स्वर से आश्वस्त किया हर हाल सेवाओं को सुरक्षित रखने के लिए निश्चित रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रदेश महामंत्री राजीव यादव, प्रदेश संरक्षक डॉ. हरप्रकाश यादव, प्रवक्ता श्रवण कुशवाहा सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने कलाविदों और पूर्व छात्रों को किया सम्मानित

## भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में आनंद मठ' की प्रस्तुति देख भावुक हुए योगी, अकादमी में जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण भी किया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ





भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में कलाविदों और अकादमी के पूर्व छात्रों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में कलाविदों और अकादमी के पूर्व छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने अकादमी के संपूर्ण भवन व दोनों प्रेक्षागृहों के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण के बाद 'आनंद मठ' की नाट्य प्रस्तुति देखकर कलाकारों की सराहना की। योगी ने 'रंगवेद' पत्रिका का विमोचन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंट किया।

कार्यक्रम में एक भावुक क्षण भी देखने को मिला, जब मंच पर पहुंची एक नन्ही बच्ची ने मुख्यमंत्री के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने बच्ची का उत्साहवर्धन करते हुए उसे चॉकलेट भेंट की, जिससे वहां मौजूद लोगों में खुशी का माहौल बन गया। मुख्यमंत्री ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास 'आनंद मठ' पर आधारित प्रस्तुति को सराहते हुए कहा कि इस तरह के नाट्य मंचन राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कलाकारों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता बताई। यह आयोजन न केवल कला और संस्कृति के संरक्षण का प्रतीक बना, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का भी माध्यम साबित हुआ। पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, पर्यटन-संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह समेत अनेक रंगकर्मी, पूर्व छात्र आदि मौजूद रहे।

### इनको मिला सम्मान

- किरण बिसारिया, लखीमपुर खीरी
- रामगोपाल बजाज, नई दिल्ली
- अनिल रस्तोगी, लखनऊ
- प्रो. अजय मलकानी, रांची
- रविशंकर खरे, गोरखपुर
- चित्रा मोहन, प्रयागराज
- मंजू ब्रजनंदन शर्मा, सहारनपुर
- मुनीश सप्पल, मुंबई
- डॉ. देवेंद्र कुमार त्रिपाठी, प्रयागराज
- डॉ. अजीत सैगल, वाराणसी
- राकेश निगम, लखनऊ
- प्रमोद सिंह राणा, आगरा
- आलोक पांडेय, शाहजहांपुर
- कुशल दुबे, जौनपुर
- राकेश पांडेय, भदोही

# नाटक रिफंड से किया शिक्षा के बाजारीकरण पर करारा व्यंग्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह के पहले दिन बीएम शाह प्रेक्षागृह में मुंबई की नाट्य संस्था रंगशिला थियेटर ग्रुप ने नाटक रिफंड का मंचन किया। इस नाटक में विद्यालयों में योग्यता के बजाए मार्क्सशीट और डिग्रियां बांटने पर करारा व्यंग्य किया गय।

फ्रिट्ज करिंथी के नाटक पर आधारित रिफंड का निर्देशन बीएनए के पूर्व छात्र अवनीश मिश्रा ने किया। इसमें दिखाया गया जिंदगी की दौड़ में हर जगह से हार जाने के बाद विद्यार्थी बुद्धि सागर विद्यालय को डिग्री लौटाकर अपनी फीस रिफंड करने की मांग लेकर पहुंच जाता है। बुद्धि सागर प्रधानाचार्य से कहता है कि उसे उनके विद्यालय ने कोई योग्यता नहीं दी। शिक्षा समाप्त हुए 18 साल गुजर गए लेकिन वह जिन्दगी की हर परीक्षा में फेल हो गया, ऐसी डिग्री का वह क्या करे। उसकी फीस उसे लौटा दी जाए।

जिस विद्यालय में शिक्षकों को वेतन मिलना मुश्किल हो वहां पूर्व छात्र की फीस कैसे लौटा दी जाए, यह सवाल बहुत बड़ा सवाल बनकर उभरता है। शिक्षकों की बैठक में उसकी पुनर्परीक्षा लेने का फैसला होता है।

हर विषय के शिक्षक को बुद्धि सागर उल्टा जवाब देता है लेकिन विद्यालय उसके जवाब को सही बताकर उसे पास कर देता है। बुद्धि सागर हर विषय में पास किये जाने को बेईमानी बताकर विरोध करता है लेकिन गणित का शिक्षक उससे पूछता है कि उसने विद्यालय को कुल कितनी फीस दी जो उसे वापस चाहिए। बुद्धि सागर बोर्ड पर 9 साल की फीस जोड़ता है 75 हजार 540, इस जोड़ पर गणित का शिक्षक ठहाका लगाकर कहता है कि तुम गणित विषय में भी पास हो गए, बधाई। शिक्षकों के इस रूप पर बुद्धि सागर अपने बाल नोचने लगता है। वो चिल्लाता है कि मां-बाप ने दिया डोनेशन तब हुआ मेरा एडमिशन, टीचरों ने ऐसा पढ़ाया, कुछ भी मुझको समझ में न आया। जब भी मैंने कुछ पूछा टीचरों ने डांट दिया। रिजल्ट में पास हो गया, लेकिन कुछ समझ नहीं आया। इस डिग्री का क्या करूं? जिसे कोई पूछता नहीं। डिग्री है लेकिन कुछ आता नहीं। नेपथ्य में प्रार्थना गूंजती है :- छल, दम्भ, द्वेष, पाखण्ड, झूठ से निशि दिन दूर रहें, जीवन हो शुद्ध सरल अपना कर्तव्य मार्ग पर डट जावें...। छात्र बुद्धि सागर के रूप में शशि भूषण चतुर्वेदी ने शानदार अभिनय किया।


गोमती नगर स्थित भारतेन्दु नाट्य अकादमी में नाटक रिफंड का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# सीएएल वोल्ट, ड्रैगन और अवेंजर्स ने मैच जीते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंडर-13 रोहित चतुर्वेदी मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता में रविवार को मैच जीतकर सीएएल वोल्ट, ड्रैगन और अवेंजर्स ने पूरे अंक अर्जित किए। वोल्ट ने सीएएल वॉरियर्स को सात विकेट, ड्रैगन ने सीएएल फाइटर्स को आठ विकेट और अवेंजर्स ने फॉल्कंस को 35 रन से हराया। स्पोर्ट्स गैलेक्सी ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में सीएएल वॉरियर्स की टीम 18.2 ओवर में 108 रन बनाकर आउट हो गई। कुमार अविरल ने 17 और अहम यादव ने 15 रन का योगदान दिया। प्रकाश, दिव्यांश और अक्षत पांडेय ने दो-दो विकेट लिए। सीएएल वोल्ट ने अजय चौहान के नाबाद 51 रन के चलते 9.3 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। आराध्य और प्रांजल को एक-एक विकेट मिला। दूसरे मुकाबले में सीएएल फाइटर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 14.3 ओवर में 98 रन पर लुढ़क गई। रुद्र यादव ने सबसे अधिक 58 रन बनाए। चक्रपणि मिश्रा ने तीन और रुद्रांक्ष पाल ने दोविकेट हासिल किए। जवाब में सीएएल ड्रैगन ने 13.4 ओवर में दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। अंशुमान कुमार ने नाबाद 43 और यर्थात बेदी ने 23 रन बनाए। समृद्ध यादव ने दो विकेट लिए। प्रतियोगिता के तीसरे लीग मुकाबले में सीएएल अवेंजर्स ने 25 ओवर में चार विकेट खोकर 292 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। उद्धव बाजपेयी ने 84 और आलोक कुमार ने 43 रन की पारी खेली। अनुभव, समर्थ और रोहित ने एक-एक विकेट लिया।

### आवासीय हॉकी छात्रावास में चयन के लिए हुए मुकाबले

अमृत विचार, लखनऊ : खेल विभाग के निर्देशन में लखनऊ, रामपुर, झांसी और वाराणसी हॉकी छात्रावास की चयन प्रक्रिया तेज हो गई है। रविवार को विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में खिलाड़ियों के बीच मुकाबले आयोजित किए गए। इसमें खिलाड़ियों के प्रदर्शन का आंकलन किया गया। नौ अप्रैल तक चलने वाली चयन प्रतियोगिता के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को हॉकी के केंद्रीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल किया जाएगा। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अतुल सिन्हा ने बताया कि प्रदेश के चार हॉकी छात्रावास में तकरीबन 70 खिलाड़ियों की भर्ती होनी है। इसके लिए उनके बीच चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, ताकि बेहतर खिलाड़ियों का चयन किया जा सके।

### अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव का उद्घाटन आज

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय बाल फिल्मोत्सव का उद्घाटन सोमवार को कानपुर रोड ऑडिटोरियम में होगा। लोक गायिका मालिनी अवस्थी समारोह की मुख्य अतिथि होंगी जबकि अभिनेता चरनप्रीत एवं हरजसप्रीत व गायिका जानिया भोसले विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने बताया कि उद्घाटन समारोह के उपरान्त बाल फिल्मोत्सव का शुभारम्भ गणेश हनमन्तराव चौगुले की बाल फिल्म 'मेरा स्कूल' से होगा।

# गर्भधारण को 30 वर्ष से कम आयु सर्वोत्तम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अजंता हॉस्पिटल एंड आईवीएफ सेंटर की ओर से एक होटल में टेस्ट ट्यूब बेबी मीट भावनाओं, उम्मीदों और विज्ञान की उपलब्धियों का आयोजन हुआ। जिसमें आईवीएफ तकनीक से जन्मे बच्चे अपने परिवारों के साथ शामिल हुए और अपनी डॉक्टर मां डॉ. गीता खन्ना से मिलकर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में कई परिवारों ने अपने संघर्ष, निराशा से आशा तक के सफर और सफलता की भावुक कहानियां साझा कीं।

डॉ. गीता खन्ना ने कहा कि वर्तमान समय में बांझपन के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। इसके पीछे देर से विवाह या परिवार शुरू करना, मानसिक तनाव, अस्वस्थ जीवनशैली, मोटापा, पीसीओएस, थायरॉइड जैसीसमस्याएं व पुरुषों में घटती शुक्राणु गुणवत्ता प्रमुख कारण हैं। उन्होंने बताया कि गर्भधारण के लिए 22 से 30 वर्ष की आयु सर्वोत्तम मानी जाती है, लेकिन समय पर चिकित्सकीय सहायता मिलने से बाद में भी माता-पिता बनने का सपना साकार किया जा सकता है।


कार्यक्रम में मौजूद डॉ. गीता खन्ना, आईवीएफ से जन्मे बच्चे और उनके माता-पिता।

### लविवि में लूमा की 12वीं मूटकोर्ट संपन्न

अमृत विचार, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय में 12वीं अंतर महाविद्यालयी मूटकोर्ट प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गई। 37 टीमों में चार सेमीफाइनल में पहुंचीं। जजों ने फाइनल राउंड के लिए शीर्ष दो टीमों का चयन किया। न्यायाधीशों ने दोनों टीमों के मूटिंग कौशल का गहन मूल्यांकन किया और उनके समक्ष चुनौतीपूर्ण प्रश्न रखे। अधिवक्ता पीएस मेहरा, शैलेंद्र सिंह रजावत, अधिवक्ता पीएस मेहरा, पुष्पीला बिष्ट, प्रोफेसर रमेश कुमार वर्मा, उपस्थित रहे। विजेता टीम के ओम मिश्रा, सुप्रिया मिश्रा, वीरप्रताप सिंह और उपविजेता टीम के आश्लेषा श्रीवास्तव, गरिमा व पलक शर्मा को सम्मानित किया गया।

प्रेसवार्ता | विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेषज्ञों ने दी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह

# आधुनिक तकनीक ने चिकित्सा क्षेत्र को दी नई दिशा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से हो रहे सुधार और आधुनिक तकनीक के बढ़ते उपयोग से अब आम लोगों के लिए इलाज पहले की तुलना में अधिक सुलभ और प्रभावी हो गया है। आधुनिक तकनीक ने चिकित्सा क्षेत्र को नई दिशा दी है। यह बातें डॉ. राजीव गोयल ने कही।

रविवार को रिवर बैंक कॉलोनी स्थित आईएमए भवन के प्रेक्षागृह में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से आयोजित विश्व स्वास्थ्य दिवस कार्यशाला को संबोधित करते हुए डॉ. राजीव ने कहा कि उन्नत जांच तकनीकों की मदद से अब बीमारियों की पहचान शुरुआती चरण में ही संभव हो रही है। इससे मरीजों को समय पर उपचार मिल रहा है और गंभीर स्थितियों से बचाव भी संभव हो पा रहा है। साथ ही आधुनिक दवाएं कई बीमारियों को नियंत्रित करने और खत्म करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

आईएमए के उपाध्यक्ष डॉ. वीके त्रिपाठी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के बावजूद लोगों को अपनी सेहत के प्रति सजग रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। साथ ही साफ और सुरक्षित पानी पीने पर विशेष जोर दिया। आईएमए लखनऊ के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार अस्थाना ने कहा कि यदि लोग जागरूक होकर स्वस्थ आदतें अपनाते हैं, तो न केवल बीमारियों का खतरा कम होगा, बल्कि जीवन की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ जागरूकता ही बेहतर स्वास्थ्य का आधार है।

कार्यक्रम में डॉ. निरुपमा पाण्डेय, डॉ. राजीव सक्सेना, डॉ. अरुण पाण्डेय, डॉ. शाश्वत सक्सेना, डॉ. अभिनव श्रीवास्तव, डॉ. अर्चिका गुप्ता, डॉ. आरबी सिंह, डॉ. नीरज टंडन, डॉ. शशांक निगम, डॉ. दीपक दीवान, डॉ. अचल गुप्ता, डॉ. इमरान अख्तर, डॉ. संजय श्रीवास्तव, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. सूर्यकांत, डॉ. नईम अहमद शेख समेत कई चिकित्सक मौजूद रहे।


आईएमए भवन में पत्रकारों को जानकारी देते आईएमए के अध्यक्ष डॉ. राजीव गोयल।

## सिटी डायरी

### साइकिलिंग अभियान से किया जागरुक


साईकिल अभियान में शामिल नारी शिक्षा निकेतन की छात्राएं।

अमृत विचार, लखनऊ : आर्मी मेडिकल कॉर्प्स के 262वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एनसीसी निदेशालय उत्तर प्रदेश एवं सेंट्रल कमांड के तत्वावधान में नारी शिक्षा निकेतन की छात्राओं ने साइकिलिंग अभियान से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। 200 एनसीसी बॉयज एवं गर्ल्स कैडेट्स ने 160 किलोमीटर की दूरी तय की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य "सर्वे सन्तु निरामया :" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। इस अवसर पर नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज की ओर से एएनओ मेजर रज़िया परवीन के नेतृत्व में कैडेट्स ने सहभागिता की। मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल अनिद्य सेनगुप्ता, विशिष्ट अतिथि एनसीसी निदेशालय उत्तर प्रदेश के एडीजी मेजर जनरल गौरव गौतम रहे।


कार्यक्रम में मौजूद बच्चे और अभिभावक।

### स्कूल में कार्निवल का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : एसकेडी इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर 9 अवध विहार योजना में रविवार को एक्सप्लोरेशन कार्निवल का आयोजन किया गया। संस्थापक एसकेडी सिंह निर्देशक मनीष सिंह ने कहा कि शिक्षा के साथ समन्वय जरूरी है। बताया कि 29 वर्षों से अभिभावकों का प्रेम विश्वास हम पर बनाए रखा है हम उसका हृदय से आभारी हूं और छठी शाखा एसकेडी इंटरनेशनल स्कूल अवध विहार योजना में प्रस्तुत किया, विद्यालय के संस्थापक एसकेडी सिंह निर्देशक मनीष सिंह क्लीनिक डायरेक्टर आशीष सिंह निशा सिंह व कुसुम बत्रा एवं सभी शाखाओं की प्रिंसिपल व अध्यापक एवं अध्यापिका विद्यार्थियों एवं अभिभावक रहे मौजूद।


कराटे का प्रदर्शन करते लविवि छात्र।

### लविवि की कराटे टीम ऑल इंडिया के लिए क्वालीफाई

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के पुरुष और महिला कराटे टीमें ऑल इंडिया चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई की हैं। असम के डिब्रूगढ़ यूनिवर्सिटी में 1 से 4 अप्रैल तक खेले गए इंटर यूनिवर्सिटी नार्थ ईस्ट जोन कराटे पुरुष, महिला चैंपियनशिप में लखनऊ विश्वविद्यालय की पुरुष और महिला कराटे की टीम ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने बताया कि पिछले साल भी लखनऊ विश्वविद्यालय की महिला और पुरुष दोनों टीम ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया था।


चबूतरा थियेटर पाठशाला में बच्चे और अन्य लोग।

### इंदिरानगर में शुरू हुई चबूतरा थियेटर पाठशाला

अमृत विचार, लखनऊ : बच्चों और युवाओं की कलात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से मदर सेवा संस्थान की ओर से संचालित चबूतरा थियेटर पाठशाला का शुभारंभ सेक्टर-11, इंदिरा नगर स्थित वाल्मीकि पार्क में किया गया। मुख्य अतिथि आकाशवाणी लखनऊ के पूर्व निदेशक पृथ्वीराज चौहान और विशिष्ट अतिथि शहीद भगत सिंह वार्ड (प्रथम) के पूर्व पार्षद डॉ. काशीराम रावत, डॉ. राम प्रताप यादव, एफ लाल रहे।